लापरवाही | प्रदेश के सबसे लंबे फ्लाई ओवर ब्रिज पर अब नियमों का बेखौफ उल्लंघन

## शॉट-कर्ट कहीं दांव पर न लगा दे खुद के साथ दूसरों का जीवन

▸ रांग साइड पर वाहन चलाने और यू- टर्न लेते नजर आ रहे कई वाहन चालक



**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश के सबसे लंबे वीरांगना रानी दुर्गावती फ्लाई ओवर ब्रिज पर अराजकता प्रदर्शित करने के बाद नियम को तोड़ने वालों की संख्या में कमी नहीं आई है। अनाप-शनाप रील्स बनाने के बाद अब वाहन चालकों द्वारा अपनी मनमानी पेश की जा रही है जिसनें यातायात के सभी नियमों को ताक पर रख दिया है। ऐसा करके ये वाहन चालक दूसरों के जीवन के साथ खुद के जीवन को दांव पर लगाने से भी नहीं चूक रहे हैं।

बीते कुछ दिनों की बात की जाए तो देखा गया है कि फ्लाई ओवर ब्रिज पर कई दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक रांग साइड से अपना वाहन लेकर चल रहे हैं वहीं बेखौफ होकर यूटर्न भी ले रहे हैं। जिससे अपने हाथ के रास्ते चल रहे वाहन चालकों का ऐसे वाहन चालकों से भिड़ने का खतरा अधिक बढ़ गया है। कभी बस तो कभी दोपहिया वाहन चालक अब नियमों को तोड़ने स्पष्ट रूप से देखे जा रहे हैं। कुछ दिन पहले तो फ्लाईओवर के राइट टाउन रैम्प पर एक बड़ा हादसा टल गया जब निजी बस चालक ने रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में बस बढ़ा दी। इस दौरान सामने से आ रहा बाइक सवार बाल बाल बच गया था। ये सब ऐसे चालकों द्वारा सिर्फ शॉर्टकट अपनाने के चक्कर में किया जा रहा है । कहीं ये शॉर्टकर्ट ऐसे लोगों के जीवन पर किसी दिन भारी न पड़ जाए।

### यातायात पुलिस की तैनाती जरूरी

जानकारों की माने तो फ्लाई ओवर ब्रिज पर यू-टर्न लेने वाले वाहन चालकों की मनमानी को रोकने यातायात पुलिस की ब्रिज के ऊपर तैनाती करना आवश्यक हो गया है जिससे नियमों को तोड़ने वाले ऐसे वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जा सके। हालांकि करीब 15 दिनों पहले यातायात विभाग ने यू टर्न रोकने के लिए फ्लाई ओवर ब्रिज के कुछ प्वाइंट पर बैरीकेडिंग तो की थी लेकिन फिर भी वाहन चालक अपनी जान की खुद बाजी लगाते इन दिनों नजर आ रहे हैं।

### राजनैतिक संरक्षण के कारण नहीं होती कार्रवाई

दीनदयाल चौक के पास आईएसबीटी बनने के बाद लगा था कि शहरी सीमा से बसें नहीं निकलेंगीं और यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सकेगा लेकिन हकीकत में ऐसा कुछ भी नहीं है। बस संचालक बेखौफ शहरी क्षेत्र से बसों का संचालन करते देखे जा रहे हैं। खबर है कि ऐसे कई बस संचालकों को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है जिस कारण उनके खिलाफ कभी कार्रवाई भी नहीं होती।

## सेवानिवृत्ति के सात साल बाद रिकवरी मामले में सरकार को झटका

**जबलपुर।** सेवानिवृत्ति के सात साल बाद रिक्वरी के आदेष जारी करते हुए राषि की कटौती किये जाने को हाईकोर्ट ने अवैध माना है। हाईकोर्ट जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने सुनवाई के बाद सरकार की अपील को खारिज कर दिया। युगलपीठ ने पूर्व में पारित आदेषानुसार अनावेदक को 6 प्रतिषत राशि के साथ कटौती की राषी लौटाने के आदेष जारी किये है। सरकार की तरफ से दायर अपील में कहा गया था कि उप पुलिस महानिरीक्षक (खुफिया), पुलिस मुख्यालय ने सेवानिवृत्त उप निरीक्षक (एम) रामराव भीमटे की पेंशन राशि से 10 लाख 87 की वसूली के आदेष जारी किये थे। आदेषानुसार उसकी पेंषन से उक्त राषि की कटौती की गयी थी। जिसके खिलाफ अनावेकन की हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। अपील की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पेंषन से राषि की कटौती को अवैधानिरक मानते हुए 6 प्रतिषत ब्याज सहित राषि लौटाने के आदेश जारी किये थे। जिसके खिलाफ उक्त अपील दायर की गयी है। युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि अनावेदक जून 2017 में सेवानिवृत्त हो गया था। सेवानिवृत्ति के सात साल बाद सितम्बर 2024 में कटौती के आदेष जारी किये है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेष के साथ अपील को खारिज कर दिया। युगलपीठ ने एकलपीठ के आदेषानुसार ब्याज सहित राषि लौटाने के निर्देश जारी किये है।

### मप्र शासन व रजिस्ट्रार जनरल से मांगा जवाब

मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने हाईकोर्ट सहित राज्य की अन्य अदालतों में पक्षकारों के लिए मूलभूत सुविधाओं के अभाव पर जवाब-तलब किया है। युगलपीठ ने मामले में मध्य प्रदेश शासन व हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। यह मामला जबलपुर निवासी अधिवक्ता सुरेन्द्र वर्मा की ओर से दायर किया गया है। आवेदक ने मामले में अपना पक्ष स्वयं रखा। उन्होंने दलील दी कि न्यायालय परिसरों में पक्षकारों के संदर्भ में समुचित व्यवस्था न होना अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट ने मातृ स्पर्श फाउंडेशन बनाम भारत संघ प्रकरण में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए थे। जिनकी रोशनी में हाईकोर्ट व विभिन्न जिला अदालतों में नवजात शिशुओं के लिए के लिए उचित स्तनपान कक्ष होने चाहिए। इसी तरह पक्षकारों की बैठने के लिए सम्मानजनक प्रतीक्षालय होने चाहिए। दिव्यांग व वृद्ध पक्षकारों व अधिवक्ताओं के लिए प्रांगण में लिफ्ट, व्हीलचेयर व रैंप की व्यवस्था होनी चाहिए। पक्षकारों के लिए प्रवेश द्वार पर पहचान की व्यवस्था, शेड व बैठने की उचित व्यवस्था सामान रखने के लिए क्लाक रूम होने चाहिए। मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रहे दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के अंतर्गत सस्ते स्वच्छ भोजन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## पशुपालकों के होंगे सर्वेयर, दुग्ध उत्पादन में लायेंगे क्रांति

▸ कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने बैठक



**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और पशुपालकों को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुग्ध उत्पादन में नई क्रांति लाने के लिए दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान प्रारंभ किया है। जिसके प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में 10 या 10 से अधिक दुधारू पशुओं के पशुपालकों से संपर्क किया जायेगा। अभियान के प्रथम चरण 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक चलेगा। इस संबंध में पुशपालन व डेयरी विभाग द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये हैं। बैठक में कहा गया कि प्रत्येक 15 से 20 पशुपालकों के लिए एक सर्वेयर होंगे। सर्वेयर दुधारू पशुओं की जानकारी लेकर भारत पशुधन एप में एंट्री भी करेगा। सर्वेयर द्वारा गौ-पालकों से संपर्क के दौरान भी विभागीय योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके लिये हेल्पडेस्क भी बनाया गया है। गौ-पालकों से संपर्क के दौरान मुख्य रूप से दुधारू पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, उनसे उत्पन्न पशु, सांड की उपलब्धता तथा गर्मियों में हरा चारा के संबंध में भी जानकारी ली जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि पशुओं में टैग लगे हैं या नहीं इसकी भी जानकारी ली जाये। साथ ही कहा कि संपर्क के सत्यापन के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा 5-5 गावों का सत्यापन करें। बैठक में मुख्य रूप से उन्नत नस्ल की प्राप्ति की के लिए कृत्रिम और भैसों में दूध का उत्पादन बढ़ाने के तरीकों के बारे में बताया गया।

## 24 घंटे में बने नमो उपवन-उद्यान का हुआ लोकार्पण

▸ नगर निगम ने बनाया कीर्तिमान, ऐसे और कई उद्यान बनाये जायेंगे

**जबलपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा के समापन के पूर्व नगर निगम के द्वारा कीर्तिमान स्थापित करते हुए 24 घंटे में नमो उपवन-उद्यान का निर्माण कराकर उसका बुधवार को भव्य लोकार्पण किया गया। 24 घंटे में निर्मित नमो उपवन-उद्यान के लोकार्पण के अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि यह अभी पहला कीर्तिमान नहीं है, ऐसे कई कीर्तिमान और आगे स्थापित किये जायेगें एवं ऐसे कई उद्यान भी बनाकर देवतुल्य नागरिकों को समर्पित किये जायेगें। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि नमो उपवन-उद्यान में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का प्लांटेशन किया गया। इसके साथ-साथ गार्डन में ओपन जिम, झूले, फिसलपट्टी के साथ-साथ सुबह-शाम वॉक करने के लिए पाथवे का निर्माण कराया गया है। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि पार्क को चारों तरफ से बाउंड्रीवॉल एवं प्रवेश द्वार का निर्माण कराकर सुरक्षा भी प्रदान की गयी है ताकि सुरक्षित माहौल में क्षेत्रीय नागरिक पार्क का लाभ उठा सकें। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि नमो उद्यान का निर्माण अष्टमी को 11 बजे से प्रारंभ कर नवमीं को 11 बजे तक कर उद्यान को सुन्दर और सुव्यवस्थित बना दिया गया।



### अद्भुत कार्य, ऐतिहासिक सौगात

इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर कहा कि नगर निगम का यह अद्भुत कार्य है। यहाँ के नागरिकों को न केवल नमो उपवन-उद्यान की सौगात बल्की, उद्यान के चारों तरफ की सड़क निर्माण की भी सौगात महापौर के द्वारा भूमिपूजन कर दी गई। नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज ने कहा कि सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत सम्पन्न हुए यह ऐतिहासिक कार्य यहाँ के नागरिकों के लिए बड़ी सौगात है। महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि नगर निगम का यह कार्यकाल देश के मानचित्र पर नए-नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए जाना जायेगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, वरिष्ठ पार्षद महेश राजपूत, विमल राय, पार्षद शरद श्रीवास्तव बाबा, मंडल अध्यक्ष अमित राय, पूर्व पार्षद श्रीमती अर्चना पटैल, अपर आयुक्त प्रशांत गोटिया, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, संभागीय यंत्री पवन सिंह ठाकुर, सहायक यंत्री श्रीमती दीप्ति भनारिया, अमन तिवारी, सौरभ त्रिपाठी, जल उपयंत्री गुलाब सिंह इन्वाती, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रविन्द्र सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## पथराव, चाकूबाजी में आधा दर्जन से अधिक घायल

▸ महाराजपुर में उपद्रव, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर में बुधवार को चार बदमाशों ने जमकर उपद्रव मचाया। पथराव करते हुए चाकूबाजी कर दी। अचानक हुई वारदात से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमले में आधा दर्जन से अधिक घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक नितिन पटैल 36 वर्ष निवासी जगदम्बा नगर महाराजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि करोंदा नाला शराब दुकान के बगल में अपनी पान गुटका, पानी डिस्पोजल की दुकान चलाता है बुधवार दोपहर लगभग 1-20 बजे वह अपनी दुकान में था तभी सोनू चोधरी, भोला ठाकुर , साहिल चौधरी एवं उनका एक अन्य साथी चारों उसकी दुकान के सामने आकर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगे, वह अपनी दुकान से बाहर रूपये देने से मना किया तो चारों उसके साथ विवाद करने लगे वही पड़े पत्थर उठाकर फैंककर मारने लगे उसी समय उसके पड़ोस में कार गैराज का काम करने वाले नीरज पटैल, प्रिंस पटैल एव सुमित रोतिया आये और बीच बचाव करने लगे तो सोनू चौधरी ने चाकू से हमलाकर सिर, नाक, सीने एवं दाहिने हाथ के अंगूठे में चोट पहुँचा दी एवं साहिल चौधरी ने चाकू से हमला कर बीच बचाव कर रहे नीरज पटैल के आंख के उपर हाथ में चोट पहुँचा दी सोनू चौधरी के साथी भोला ठाकुर द्वारा उसके नीरज पटैल, प्रिंस पटैल एवं सुमित रोतिया के साथ हाथ मुक्को से एवं पत्थर फैंककर मारपीट कर प्रिंस पटैल एवं सुमित रोतिया को हाथ पैर में चोट पहुँचा दी एवं चारों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।



## पुलिया टूटी, नाले में बहा युवक, मौत

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत सिंधी कैंप मंडी मदार टेकरी स्थिति नाले में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है और किन परिस्थितियों में नाले में डूबने से उसकी मौत हुई है समेत अन्य बिंदुओं पर जब पुलिस ने जांच शुरू की तो मृतक की पहचान बाबा टोला निवासी निवासी सूरज चौधरी के रूप में हुई। साथ ही यह बात भी सामने आई कि मृतक घर के पास नाले पर बनी पुलिया पर बैठा था तभी पुलिया टूट गई और वह नाले में जा गिरा और तेज बहाव में बह गया। बुधवार उसका शव बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान यह बात भी सामने आई कि मृतक शराब के नशे में धुत था। पुलिस मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मामले की जांच में जुट गई है।

## गोदाम में फांसी पर झूलती मिली लाश



**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत गोदाम में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पिंकी उर्फ रंजीत लोधी 47 वर्ष निवासी मिलौनीगंज बढ़ई मोहल्ला ने सूचना दी कि वह बेल्डिंग का काम करता है उसका छोटा भाई मुकेश उर्फ महेन्द्र ठाकुर उसके घर के बाजू से रहता है जिसकी कृष्णा चाट भंडार के नाम से चाट की दुकान लाला पान चौक 90 क्वाटर त्रिमूर्तिनगर में है जिसके पीछे प्रदीप गर्ग का फ्लेक्श बेनर का गोदाम हैं जहां पानी भरने के लिये मुकेश जाता था बुधवार सुबह लगभग 9-30 बजे मकुेश उर्फ महेन्द्र ठाकुर का लड़का कपिल ठाकुर उसके घर आकर बताया कि पापा ने दुकान के पीछे गोदाम में फांसी लगा जिससे उनकी मौत हो गयी है, वह अपने परिवार के साथ जाकर देखा उसके भाई ने गोदाम में लगे टीनशेड के पाईप से फांसी लगा ली जिससे मौत हो गयी।

तैयारियां पूर्ण | ननि की पहल पर आज लगेगा रक्तदान के लिए मेगा कैम्प

## 1100 यूनिट रक्त एकत्रित कर प्रदेश में बनेगा ऐतिहासिक रिकॉर्ड



**जबलपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से शुभारंभ होकर देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर सेवा पखवाड़ा 2025 के समापन अवसर के दिन आज 2 अक्टूबर 2025 को नगर निगम की पहल पर घंटाघर स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस कन्वेंशन सेन्टर में प्रात: 9 बजे से रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया गया है। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान महाशिविर में नगर निगम जबलपुर द्वारा 1100 यूनिट रक्त एकत्रित कर प्रदेश में ऐतिहासिक रिकार्ड बनायेगा। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने संस्कारधानी के देवतुल्य नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छता एवं स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में जिस प्रकार से सहयोग प्रदान कर जबलपुर को नम्बर वन बनाने में अमूल्य योगदान प्रदान किये गए हैं ठीक उसी प्रकार आज रक्तदान के लिए घंटाघर स्थित नेताजी सुभाष चन्द्रबोस कन्वेंशन सेन्टर में प्रात: 09:00 बजे से भाग लेकर अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें और रिकार्ड बनाने के साथ-साथ लोगां की जान बचाने में भी अपना अमूल समय दें। इस संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि रक्तदान शिविर की सारी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए शिविर के शुभारंभ से लेकर समापन तक के लिए अधिकारियों की डयूटी भी लगाई गयी है।

## युवक पर पिस्टल से हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत सिंधी कैम्प में बदमाश ने एक युवक पर पिस्टल एवं पत्थर से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक भोला प्रजापति 32 वर्ष निवासी सिंधी केम्प ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मटका बनाने का काम करता है बीती रात लगभग 12:45 बजे घर से गुटखा लेने निकला था तभी मोहल्ले में हीरा पहलवान की बिल्डिंग के नीचे उसके दोस्त गोरव चक्रवर्ती एवं प्रतीक मिले जिनसे वह बात करने लगा तभी राकेश चक्रवर्ती निवासी तिलवारा का आया जिससे उसका होली के समय विवाद हुआ था आकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो राकेश चक्रवर्ती कमर से पिस्टल निकालकर पिछले हिस्से से उसके सिर में मारकर चोट पहूँचा दी एवं पत्थर उठाकर हाथ पैर एवं आंख के पास चोट पहुंचा दी।


अपने पुराने बैंक अकाउंट्स में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान स्टेप्स

1. बैंक की किसी भी शाखा में जाइए, भले ही वो आपकी रेग्युलर शाखा न हो
2. एक फॉर्म जमा कीजिए केवाईसी डॉक्यूमेंट्स के साथ (आधार, पासपोर्ट, वोटर आईडी या ड्राइविंग लाइसेंस)
3. वेरिफिकेशन के बाद ब्याज समेत (यदि है तो) अपने पैसे वापस पाइए

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजिए या आरबीआई का UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) देखिए जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in